उत्तर प्रदेश शासन

समाज कल्याण अनुभाग-1

संख्या-3/सीएम-164/26-1-2013-5(1)/2013

लखनऊ दिनांक 09 जुलाई, 2013

विज्ञप्ति/नियुक्ति

श्री राज्यपाल, सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा,2010 के परिणाम के आधार पर लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास) (पूर्व पदनाम-अपर जिला विकास अधिकारी,सक)/जिला समाज कल्याण अधिकारी केपद पर चयनित तथा नियुक्ति हेतु संस्तुत निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उक्त पदों पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास)/जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर वेतनमान पे बैण्ड-3, रू0 15600-39100, ग्रेड पे रू0 5400/-में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए 02 वर्ष की परिवीक्षा (जिसे नियमानुसार बढाया जा सकता है) पर रखे जाने की सहर्ष स्वीक़ति प्रदान करते हैं--

क्र0	अभ्यर्थी का नाम/पिता का नाम एवं पत्राचार का पता	पदनाम-जिस पर नियुक्ति की जा रही है	गृह जनपद	तैनाती का जनपद
1	2	3	4	5
1	सुश्री प्रियंका द्विवेदी पत्नी श्री पुनीत सिंह, पता-111/5, रेलविहार, सेक्टर-एल, आशियाना, लखनऊ-226012	जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)	बहराइच	अमेठी
2	श्री रमेश कुमार सिंह पुत्र श्री समर बहादुर सिंह पता- ग्राम व पोस्ट उमराडीह (पूरेजालिम सिंह) जनपद अमेठी	जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)	अमेठी	मैनपुरी
3	श्री अंजनी कुमार पुत्र श्री राधेश्याम, पता-820ए/1बी/11सी/1, बाघम्बरी गददी, अल्लापुर, इलाहाबाद-211006	जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)	चित्रकूट	बरेली
4	श्री अरविन्द कुमार यादव, पुत्र श्री सत्यप्रकाश यादव, पता-क0नं0-44, ए0एन0झॉ छात्रावास, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद-211002	जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)	जौनपुर	मेरठ
5	सुश्री लवी मिश्रा पुत्री श्री विजेन्द्र कुमार मिश्रा, पता- संरक्षक श्री अविनाश तिवारी, 136 पुराना ममफोर्डगंज (मस्जिद वाली गली), इलाहाबाद-211002	जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)	बाराबंकी	फर्रूखाबाद
6	श्री अजय कुमार पुत्र स्व0 रामकला सिंह, पता-बी-135, रामपुरी, सूर्यनगर, दिल्ली बार्डर, गाजियाबाद-201011	जिला समाज कल्याण अधिकारी	मेरठ	मुजफ्फर नगर
7	श्री संदीप कुमार जायसवाल पुत्र श्री शिव नारायण जायसवाल, पता-आरोग्य सदन, मटियारा रोड, अल्लापुर, इलाहाबाद-211006	जिला समाज कल्याण अधिकारी	बलिया	बस्ती
8	श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय पत्नी श्री संजीव कुमार दीक्षित, पता-ग्राम सोहनी, पो0-कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर- 274301	जिला समाज कल्याण अधिकारी	कुशीनगर	उन्नाव
9	श्री प्रमोद वीर आर्य पुत्र श्री कालूसिंह, पता- संरक्षक श्री मृत्युंजय, 1152ए/1ए, सूरी मार्ग संख्या-7, राजरूपपुर, इलाहाबाद-211011	जिला समाज कल्याण अधिकारी	बागपत	संतरविदास नगर(भदोही)
10	श्री शैलेन्द्र कुमार गौतम पुत्र श्री राजबली, पता-70सी/4जी/2, छोटा बघाडा प्रयाग, इलाहाबाद-211002	जिला समाज कल्याण अधिकारी	संतरविदास नगर(भदोही)	कन्नौज

2- उल्लेखनीय है कि चयनित/संस्तुत अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता, उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991(अद्यावधिक संशोधन सहित) के सुसंगत नियमों के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

3- उपर्युक्त अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे कृपया नियमानुसार अपेक्षित चल-अचल सम्पत्ति से संबंधित घोषणा पत्र, एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का घोषणा पत्र, शैक्षिक तथा आयु संबंधी प्रमाण पत्र, चरित्र संबंधी दो ऐसे राजपत्रित अधिकारियों से प्रमाण पत्र, जो सक्रिय सेवा में हों और उनके निजी जीवन से परिचित हों, किन्तु उनके सगे संबंधी न हो आदि लेकर, प्रश्नगत विज्ञप्ति/नियुक्ति पत्र निर्गत होने की तिथि से 01 माह के अन्दर निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ के समक्ष कार्यभार ग्रहण करने हेतु अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करें। यदि कोई अभ्यर्थी उस तिथि तक अपनी उपस्थिति की सूचना निदेशक, समाज कल्याण को नहीं देता है, तो उसका अभ्यर्थन समाप्त किये जाने पर विचार किया जा सकता है। निदेशक, समाज कल्याण को अपनी उपस्थिति की सूचना उपलब्ध कराने तथा तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु जाने के लिए कोई मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

4- उपरोक्त नवनियुक्त अधिकारियों द्वारा जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त विभाग द्वारा संचालित विभिन्न

योजनाओं से संबंधित निदेशालय स्तर पर तैनात योजना अधिकारियों/वित्त नियंत्रक के साथ कम से कम 02-01 दिन के लिए सम्बद्व करके अधिकतम 10 दिन विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं कोषागार से चेक पारित कराने संबंधी नियमों का विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा निदेशालय समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ के लिये कार्यमुक्त कर दिया जायेगा। निदेशालय समाज कल्याण से उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त संबंधित जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी/ पुलिस अधीक्षक एवं कोषाधिकारी के साथ 02-02 दिन अधिकतम एक सप्ताह के लिए सम्बद्व करके भिन्न-भिन्न प्रकृति के प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी ताकि नव चयनित अभ्यर्थी शासकीय कार्य प्रक्रिया एवं विभन्न प्रकार के शासनादेशों व नियमों की भली-भॉति जानकारी प्राप्त कर सके।

5- प्रश्नगत नियुक्तियॉ मा0 सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित विशेष अनुज्ञा याचिका(सिविल) संख्या-14299-14301/2007 लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 तथा अन्य प्रति पारसनाथ पाल तथा अन्य एवं विशेष अनुज्ञा याचिका(सिविल) संख्या-23713/2009 उ0प्र0 लोक सेवा आयोग तथा अन्य प्रति धनन्जय सिंह तथा अन्य में पारित होने वाले निर्णय के अधीन होगी।

श्री राज्यपाल की आज्ञा से,

बी0बी0 सिंह
विशेष सचिव।

पृ0सं0-3/सीएम-164(1)/26-1-2013-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने की सूचना संहत रूप से शासन को उपलब्ध करायी जाय।
3- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, इलाहाबाद को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
4- मण्डलायुक्त, लखनऊ, आगरा, बरेली, मेरठ, कानपुर, बस्ती एवं विन्ध्याचल मण्डल मिर्जापुर।
5- जिलाधिकारी, अमेठी, मैनपुरी, बरेली, मेरठ, फर्रूखाबाद, मुजफ्फरनगर, बस्ती, उन्नाव, सन्तरविदासनगर भदोही एवं कन्नौज।
6- जिलाधिकारी, अमेठी, मैनपुरी, बरेली, मेरठ, फर्रूखाबाद, मुजफ्फरनगर, बस्ती, उन्नाव, सन्तरविदासनगर भदोही एवं कन्नौज।
7- उपनिदेशक, समाज कल्याण, लखनऊ मण्डल, आगरा मण्डल, बरेली मण्डल, मेरठ मण्डल, कानपुर मण्डल, बस्ती मण्डल एवं विन्ध्याचल मण्डल मिर्जापुर।
8- संबंधित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये पत्राचार के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा।
9- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या-358/1/ई-2/2011-12, दिनांक 11-12-2012 एवं पत्र संख्या-383/1/ई-2/2011-12, दिनांक 10-01-2013 के संदर्भ में।
10- कार्मिक अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन को उनके पत्र संख्या-15/18/2012-का-4-2013, दिनांक 17-01-2013 के संदर्भ में।
11- संबंधित अभ्यर्थियों की व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार त्रिवेदी)
अनुसचिव।